भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1357 जिसका उत्तर

शुक्रवार, 09 फरवरी, 2024/20 माघ, 1945 (शक) को दिया जाना है

यात्री फेरी सेवाएं

†1357. श्रीमती. प्रतिमा मण्डल :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) समुद्र के रास्ते विभिन्न पड़ोसी देशों के लिए चल रही यात्री नौका सेवा ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त फेरी सेवाओ के प्रति यात्रियों की प्रतिक्रिया का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का खाड़ी देशों के लिए नौका सेवा आरंभ करने का कोई प्रस्ताव है: और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (घ): दिनांक 14.10.2023 को नागापट्टणम, भारत से काकेसंथुराई, श्रीलंका तक यात्री फेरी सेवा को हरी झंडी दिखाई गई थी और इसने 20 अक्तूबर, 2023 तक 4 समुद्री यात्राएं की हैं, इसके बाद मौसम की स्थिति फेरी प्रचालन के अनुकूल नहीं थी। यात्रियों की प्रतिक्रिया संतोषजनक थी।

खाड़ी देशों में भारतीयों प्रवासियों के लिए केरल से खाड़ी के बीच यात्री पोत सेवा शुरू करने के लिए, इस मंत्रालय से 3 वीआईपी संदर्भ प्राप्त हुए हैं:-

(i) श्री एडवोकेट ए. एम. आरिफ, संसद सदस्य (लोक सभा), अलाप्पुझा, केरल – के दिनांक 20.09.2023 का पत्र।

(ii) श्री अहमद देवरकोविल, पत्तन संग्रहालय, पुरातत्व और अभिलेखागार मंत्री, केरल सरकार – के दिनांक 17.10.2023 का पत्र।

(iii) श्री एंटनी राजू, परिवहन मंत्री, केरल सरकार – के दिनांक 17.10.2023 का पत्र।

हितधारकों नामत: भारतीय नौवहन निगम, नौवहन महानिदेशालय, कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड, केरल समुद्री बोर्ड और केरल सरकार के तहत एक एजेंसी, एनओआरकेए रूट्स के साथ चर्चा की गई थी। दिनांक 10.11.2023 और 15.12.2023 को भारतीय नौवहन निगम, एनओआरकेए रूट्स और केरल समुद्री बोर्ड के बीच वर्चुअल बैठक की गई थी जिसमें यह निर्णय लिया गया कि केएमबी और एनओआरकेए, केरल से खाड़ी के बीच प्रचालन शुरू करने के लिए आसानी से उपलब्ध उपयुक्त जलयानों के साथ इच्छुक पक्षों/प्रचालनों से प्रस्ताव आमंत्रित करते हुए एक खुला विज्ञापन जारी करेंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि एनओआरकेए यात्री की मांग जलयान प्रचालनों की आवृति और टिकटों के मूल्यों हेतु सर्वेक्षण करेगी।

*****